फा.सं. 3.10 (1) / एफ डी / 2017-सा.I
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

दिनांक: 30 अगस्त, 2017

सेवा में

**विषय:-दिनांक 29.09.2017 को सं.लो.से.आ. की 91वें स्थापना दिवस के लिए आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम हेतु मंच एवं बैठने की व्यवस्था का प्रावधान ।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 29 सितम्बर, 2017 को सं.लो.से.आ. अपनी स्थापना की 91वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है जिसके **लिए दिनांक 29.09.2017 को 3.00 बजे अपराह्न में इस कार्यालय के आयोग सचिवालय के बहुउद्देश्यीय हॉल** में आयोजित किए जाने वाले आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम की मंच-सज्जा से संबंधित विविध व्यवस्थाएं अपेक्षित हैं जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

2. व्यवस्था की मदें निम्नानुसार हैं :-

**(i) मंच तथा बैठने की व्यवस्था**

| क्र. सं. | मद | अपेक्षित मात्रा/क्षेत्र | आकार/विनिर्दिष्टियां |
|---|---|---|---|
| 1. | शामयाना (मजबूत बांस बल्ली संरचना पर वाटर प्रूफ) | 5800 वर्ग फीट (लगभग) | ------------------ |
| 2. | सफेद कवर सहित बैंन्क्विट चेयर | 500 | |
| 3. | ग्रीन रॉलर कार्पेट | 9800 वर्ग फीट | (6'x 18') |
| 4. | पेडेस्ट्रल फैन आवाज़ रहित | 20 | बड़ा आकार (आवाज़ रहित) |
| 5. | लकड़ी का मंच (प्लेटफार्म) | 2500 वर्ग फीट | 29'x 81' 2'ऊंचाई सहित (साईट की अपेक्षानुसार) |
| 6. | डॉयस | 400 वर्ग फीट | 20'x 10'x 1'<br>20'x 10'x 2' |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | कनात | 240 वर्ग फीट | 40'x 6' |
| 8. | रेड रनर | 1800 वर्ग फीट | (6'x 100') |
| 9. | किनारे की दीवार (काले रंग में) | 2880 वर्ग फीट | (11'x 180') |
| 10. | मंच के साथ किनारे की दीवार | 480 वर्ग फीट | |
| 11. | अधिष्ठापन सहित हैलोजन फिटिंग्स | 05 | 500वॉट |

**टिप्पणी:-** मात्रा घटाई/बढ़ाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

3. यदि आप उपर्युक्त व्यवस्था के आयोजन में रूचि रखते हैं तो आपको उपर्युक्त प्रत्येक मदों के लिए दर उद्धृत करना होगा तथा बोली को लिफाफे में सीलबंद कर उसके ऊपर मोटे अक्षरों में **"स्थापना दिवस के आयोजन के लिए बोली"** लिखा हो, श्री अनिल कुमार, अवर सचिव (बैठक एवं अनुरक्षण), सं.लो.से.आ., नई दिल्ली को संबोधित करते हुए उक्त को दिनांक 11**.09.2017 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय के गेट 'सी' के स्वागत कक्ष पर रखे निविदा बाक्स में डाल दें। बोलियां उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न** को बोलीदाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि जो इसमें उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में खोली जाएगी ।

3.1 प्रस्तुत की गई बोली के सभी पृष्ठों पर बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षर एवं उन्हें क्रमिक रूप से संख्यांकित किया जाना चाहिए चाहे वे दस्तावेज किसी भी प्रकृति के क्यों न हों।

4. **<u>देर से प्राप्त बोली</u>**

4.1 निर्दिष्ट तारीख तथा समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4.2 अपूर्ण बोलियां तथा बोलियों को प्राप्त करने की निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद बोली में कोई संशोधन तथा उनमें कुछ जोड़ने की अनुमति नहीं होगी तथा ऐसी बोलियों को अस्वीकृत किया जा सकता है।

5. **<u>प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़</u>**

बोलीदाता निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ-साथ अनुबंध ड. पर जांच सूची में उल्लिखित निम्नलिखित दस्तावेज जो प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित हो, प्रस्तुत करेंगे :

क) पेन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित प्रति

ख) फर्म / मालिक की पिछले वर्ष की आय कर विवरणी और तुलन पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति

ग) जी एस टी आई एन सं. के साथ जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति

घ) नि.आ.सू. में यथा उल्लिखित वित्तीय बोली (अनुबंध ख पर) सहित विधिवत रूप से भरे हुए सभी अनुबंध । प्रस्तुत की गई दरों में ढुलाई / कार्टेज / केरिज आदि सभी शुल्क शामिल होने चाहिए ।

ङ) पैरा 6 में यथा निर्दिष्ट 6000/- रूपये की जमा धरोहर राशि ।

च) निविदा में शामिल सभी फर्में अपने मालिक / साझेदार आदि के संपर्क दूरभाष संख्या सहित उनकी एक सूची प्रस्तुत करेंगे और इस आशय का एक प्रमाणपत्र / परिवचन प्रस्तुत करेंगे कि फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया हे और न ही उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत / लंबित है ।

**6. जमा धरोहर राशि (ई एम डी)**

6.1 बोली के साथ 6,000/-रू. की जमा धरोहर राशि जो डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर / बैंकर्स चैक के रूप में सचिव, सं.लो.से.आ., नई दिल्ली-110069 के पक्ष में देय होगी।

6.2 एन.एस.आई.सी. / डी जी एस एण्ड डी या किसी अन्य संगठन से पंजीकृत फर्मों को दस्तावेजीय प्रमाण प्रस्तुत करने पर जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त होगी । अन्य बोलीदाताओं को उपर्युक्त उल्लिखित निर्धारित प्रपत्र में जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

6.3 जमा धरोहर राशि के बिना बोलियों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा और किसी अन्य रूप अर्थात चैक, नकद, पोस्टल आर्डर में जमा धरोहर राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

6.4 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि के आगे 90 दिनों की अवधि तक वैध होनी चाहिए ।

6.5 असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत जमा धरोहर राशि को निविदा को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात बिना किसी ब्याज, जो भी हो, वापिस कर दिया जाएगा ।

6.6 इस निविदा की वैधता अवधि के दौरान यदि बोलीदाता निविदा को वापस लेता है या उसमें किसी भी प्रकार से संशोधन या विकृत या परिवर्तन करता है तो उनकी जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी ।

7. बोलीदाता को निविदा प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से अपनी बिना शर्त दरें उद्दत करनी होंगी । कटिंग / ओवर राईटिंग, यदि कोई हो, प्रति हस्ताक्षरित की जानी चाहिए । निविदा का प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से मोहर लगाई जानी तथा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।

8. बोली, तकनीकी बोली के खोले जाने की तारीख से स्वीकार्यता हेतु 6 माह की अवधि के लिए वैध रहेगी । कम वैधता अवधि वाली बोलियों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

**9. अन्य निबंधन एवं शर्तें**

क. सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ख. मदों की मात्रा को इस कार्यालय की अपेक्षा के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है ।

ग. किसी बोलीदाता के घटिया/ नकली उत्पाद आपूर्ति करते पाए जाने पर उसे सरसरीतौर पर काली सूची में डाल दिया जाएगा और उसकी निष्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जाएगी ।

घ. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग सामान के विनिर्दिष्टियों के अनुसार समरूप न होने पर इसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

**10. बोली का मूल्यांकन**

क. ऐसे बोलीदाताओं को संविदा प्रदान की जाएगी जो सबसे कम दर उद्धृत करेंगे और नि.आ.सू. की सभी निबंधन एवं शर्तों को पूरा करेंगे।

ख. यथा लागू कर की दर को मूल्य सूची में अलग-अलग उद्धृत किया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धत की गई दर में सभी कर शामिल हैं और आगे दर में बढ़ोतरी के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ग. कर में शामिल की गई दरों तथा कर में शामिल नही की गई दरों में विचलन की स्थिति में वित्तीय मूल्यांकन में कर में शामिल की गई दरों पर विचार किया जाएगा। इस मुद्दे पर संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

11. **जोखिम खरीद खंड :-** यदि बोली प्रस्तुत करने और उसकी स्वीकृति के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद आपूर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेजों के निबंधन एवं शर्तों से बंधे रहने में विफल रहता है या दी गई सुपुर्दगी कार्यक्रम के अनुसार सामग्री की आपूर्ति में विफल रहता है या किसी भी समय संविदा से मुकर जाता है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा ।

**12. मध्यस्थता** संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी परिणाम, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबन्धों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त मध्यस्थ द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों पर बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा ।

13. बोलीदाता को एक परिवचन प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की तुलना में किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन में कम दर उद्धृत नहीं की हैं। यह परिवचन अनुबंध-'घ' पर दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

14. **निर्धारित क्षति :-** इस संविदा में यथा निर्धारित सामान की आपूर्ति में विक्रेता के असफल होने की स्थिति में, क्रेता अपने विवेकाधिकार पर संविदा के पूरे होने तक भुगतान को रोक सकता है। क्रेता विक्रेता से सहमति होने पर देरी किए गए /सुपुर्द न किए गए उपर्युक्त वर्णित सामान के संविदा मूल्य के 5% की निर्धारित क्षति के रूप में कटौती करेगा।

15. **भुगतान शर्तें :-** उपर्युक्त आयोजन के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की संतोषजनक रूप से समाप्ति के पश्चात आवश्यक भुगतान किया जाएगा जिसके लिए संबंधित पार्टी को अपना बिल तीन प्रतियों में इस कार्यालय के सामान्य-1 अनुभाग में प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

16. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

17. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास बिना कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है । इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा ।

17.सीलबंद निविदाएं जिन पर बडे अक्षरों में ''मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा'' लिखा हो और जो श्री अनिल कुमार, अवर सचिव (बैठक एवं अनुरक्षण), संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली-110069 को संबोधित हों।

18.

**(अनिल कुमार)**
**अवर सचिव (बै. एवं अनु.)**
**दूरभाष : 23384215**

**(अनिल कुमार)**
**अवर सचिव (बै. एवं अनु.)**

**<u>अनुबंध-क</u>**

**<u>मंच एवं बैठने की व्यवस्था की तैयारी के लिए बोली प्रस्तुत करने का प्रारूप</u>**

<u>फर्म का नाम एवं पता</u>

दूरभाष सं.

कार्यालय-

आवास-

मोबाइल-

संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष सं.:

| क्रम सं. | मद | आकार/ विनिर्दिष्टियां | अपेक्षित मात्रा | उद्धृत दरें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शामयाना (मजबूत बांस बल्ली संरचना पर वाटर प्रूफ) | ------------------ | 5800 वर्ग फीट (लगभग) | -----------वर्ग फीट |
| 2. | सफेद कवर सहित बैंन्क्विट चेयर | | 500 | |
| 3. | ग्रीन रॉलर कार्पेट | (6'x 18') | 9800 वर्ग फीट | ----------- प्रति वर्ग फीट |
| 4. | पेडेस्ट्रल फैन आवाज़ रहित (बड़ा आकार) | बड़ा आकार | 20 | ........................ बड़ा आकार (आवाज़ रहित) |
| 5. | लकड़ी का मंच (प्लेटफार्म) | 29'x 81' 2'ऊंचाई सहित (साईट के अनुसार) | 2500 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |
| 6. | डॉयस | 20'x 10'x 1' अपेक्षाएं 20'x 10'x 2' | 400 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |
| 7. | कनात | (40'x 6') | 240 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | रेड रनर | 6'x 100' | 1800 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |
| 9. | किनारे की दीवार (काले रंग में) | 11'x 180' | 2880 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |
| 10. | मंच के साथ किनारे की दीवार | | 480 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट |
| 11. | अधिष्ठापन सहित हैलोजन फिटिंग्स | 500 वॉट | 05 | -----------प्रत्येक |

टिप्पणी:- मात्रा घटाई/बढ़ाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

(मालिक के हस्ताक्षर एवं फर्म/कंपनी की मुहर)

**<u>अनुबंध-ख</u>**

**<u>निविदा प्रपत्र</u>**

**<u>मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा</u>**

दिनांक --------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (बै. एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग,
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक ---------------------- का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.------------------

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ की जांच की है। अब हम पैरा 2 में दी गई विनिर्दिष्टियों के समनुरूप मंच तथा बैठने की व्यवस्था करने का प्रस्ताव करते हैं । विहित प्रारूप में हमारी तकनीकी बोली के साथ वित्तीय बोली(अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में) इसके संलग्न की जाती हैं और जो इस निविदा का भाग है। जमा धरोहर राशि के रूप में ................ रूपये (.......................................... रूपये मात्र) का दिनांक ................ का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर / बैंकर्स चैक सं. ..................... एतदद्वारा प्रस्तुत है। निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/ कागज़ात भी इसके साथ संलग्न हैं ।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्धृत दर पर पैरा 2 में यथा वर्णित सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

3. हम हमारी बोली को निविदा खोलने से छः माह की अवधि की स्वीकृति के लिए वैध रहने पर सहमत हैं। तदनुसार हम उपर्युक्त अवधि तक इस बोली से बंधे रहने की पुष्टि भी करते हैं और यह बोली

की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है। हम आगे इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के सपठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेगी।

4. हम आगे यह समझते हैं कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा जांच के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं ।

5. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

------------------

(नाम और पदनाम)

-------------------------------------------- के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

-------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस प्रारूप में प्रत्येक पृष्ठ पर किए जाने हैं ।

**<u>अनुबंध-ग</u>**

**<u>मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा</u>**

<u>फर्म का विवरण</u>

(फर्म के पत्र शीर्ष पर)

1. फर्म का नाम : -------------------------------------
2. कार्यालय का पता : ---------------------------------
3. दूरभाष सं. : कार्यालय :..................... आवास : .............................

   मोबाइल :- .................. फैक्स सं. : ..........................
4. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण

   नाम :

   आवासीय पता (पते) :

   मोबाइल सं. : (संख्याएं) :
5. जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र :

   (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जाए)

   फर्म/ मालिक का पैन सं. :
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारे फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है ।

--------------------

(तारीख सहित हस्ताक्षर)

--------------------

(नाम और पदनाम)

---------------------- के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

**<u>अनुबंध-घ</u>**

**मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा**

## <u>परिवचन</u>

हम..........................................................................................................................

.................................................................................................................................

(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .............................. के संघ लोक सेवा आयोग के निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते है:

"हम लोगो द्वारा मदों के लिए उद्धृत की गई दर उसी प्रकार के कार्य के लिए अन्य मंत्रालयों / सरकारी संगठनों के लिए उद्धृत की गई दरों से अधिक नहीं है" ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

रबड की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता

**अनुबंध- ड.**

## जांचसूची

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1 | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2 | निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध - क) में विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली | |
| 3 | पैन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित प्रति | |
| 4 | वर्ष 2015-2016 की फर्म/मालिक की आयकर विवरणी की प्रति | |
| 5 | जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र सहित जी एस टी आई एन सं. | |
| 6 | अनुबंध- ख के अनुसार निविदा प्रपत्र | |
| 7 | अनुबंध- ग के अनुसार फर्म का विवरण | |
| 8 | अनुबंध-घ में परिवचन | |
| 9 | जमा धरोहर राशि /छूट संबंधी प्रमाणपत्र संलग्न है | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

(फर्म का नाम तथा पता)